H.D. SR. SEC. PUBLIC SCHOOL, KHERI - MEHAM

# समाचार पत्रिका

VOLUME 1, ISSUE 1

AUGUST 13, 2022

संपादक

श्रीमान सतीश जांगड़ा

तकनीकी टीम

श्रीमती गीता

श्रीमान अंकित

श्रीमती हेतल

## एच. डी. सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में हुई विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों द्वारा बढ–चढकर भाग लिया गया।

हरियाली तीज महोत्सव के अवसर पर कक्षा तीसरी से पांचवीं के बच्चों ने पतंग प्रतियोगिता में विभिन्न रंगा रंग पतंग बनाकर सभी के मन को आनन्दित कर दिया|इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई|जिसमें बच्चों ने विभिन्न डिजाइन बनाकर उत्कृष्ट हस्तकला का प्रदर्शन किया|





मदर डे के उपलक्ष में छात्र अभिभावकों की माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें रैम्प शो, डांस, साड़ी फोल्डिंग, बाल ओल्डिंग इत्यादि प्रमुख थीं| जिसमें मातृशक्ति ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया| मातृशक्ति की महिमा का गुणगान बच्चों ने अपने गीतों, भाषण एवं कविताओं के माध्यम से कर समस्त मातृशक्ति को भावविभोर कर दिया|



बच्चों के ज्ञान कौशल को बढ़ावा देने हेतु विद्यालय में कक्षा नौवीं से 12वीं के बच्चों के लिए सामाजिक विज्ञान व गणित विषय की क्विज आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ भाग लिया| जिसमें रोज सदन के बच्चों ने पहला स्थान अर्जित कर अपने सदन का नाम रोशन किया | प्रधानाचार्य ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के आयोजन में भाग लेने के लिए बच्चों को प्रेरित भी किया |

अंतरसदनीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सुनिधि (जैसमिन सदन) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया| यह प्रतियोगिता कक्षा तीसरी से पांचवीं के बच्चों के लिए आयोजित की गई |जिसमें बच्चों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ भाग लिया |






नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विभिन्न रंगारंग पोशाकें पहनकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया| अपनी पोशाकों के द्वारा बच्चों ने विभिन्न वस्तुओं के महत्व को भी दर्शाया| जिनमें मोबाइल फोन, पेड़, टेलीविजन, कोयल व पुस्तकों के महत्व को चित्रित किया गया |

बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया| जिसमें बच्चों ने बहुत ही शानदार व मनमोहक रंगोलियां बनाकर विभिन्न संदेश दिये|कक्षा सातवीं के बच्चों के द्वारा बनाई गई श्री कृष्ण व राधा की रंगोली को दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया|



INSIDE THIS ISSUE:

तीज महोत्सव 1

मदर डे 1

क्विज 1

पोस्टर मेकिंग 1

फैंसी ड्रेस 1

रंगोली बनाओ 1

अन्य प्रतियोगिता 2

आशु भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी उत्कृष्ट भाव अभिव्यक्ति का नमूना पेश कर सभी का मन मोहा |अंतर सदनीय यह प्रतियोगिता कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों के लिए आयोजित की गई|









*"मेहनत इतनी ख़ामोशी से करो ! कि सफलता शोर मचा दें !!"*

बोर्ड डिस्प्ले प्रतियोगिता में बच्चों ने पृथ्वी दिवस को केंद्र बिंदु में रखकर बोर्ड को सजाया और हमारे व्यक्तिगत जीवन में पृथ्वी का क्या महत्व है इसकी बड़ी महत्वपूर्ण जानकारी अपने चित्रों से दर्शा कर पेड़ लगाओ और पृथ्वी को बचाओ का महत्वपूर्ण संदेश भी दिया ।





भारत विकास परिषद द्वारा तीज महोत्सव के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई | यह प्रतियोगिता एस. के. जी स्कूल (महम) में आयोजित हुई |जिसमें मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता पोस्टर मेकिंग व रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गई| जिसमें एच डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी महम के विद्यार्थियों नेपोस्टर मेकिंग प्रतिस्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल करअपने स्कूल का नाम रोशन किया |इस अवसर पर निदेशक श्री कुलवंत नहरा, सचिव संजीव छिल्लर व प्राचार्य श्री रघुविंद्र सिंह मल्हान ने इस उपलब्धि पर बच्चों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल **भविष्य की कामना की |**





